पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

कैंसर पीड़ित को केवल शब्दों से नहीं बल्कि उसकी आवश्यकताओ में भी सहयोग करें-राज्यपाल

लखनऊः 07 सितम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज ईश्वर चाईल्ड वेलफेयर फाउंडेशन के 10वें स्थापना दिवस समारोह में कैंसर पर विजय प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया। समारोह का आयोजन मोहम्मद बाग क्लब के प्रेक्षागृह में किया गया था। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा श्रीमती सपना उपाध्याय, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्रायें व संस्था के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थें। यह संस्था कैंसर पीड़ित बच्चों एवं जरूरतमंदों की मदद हेतु कार्य करती है।

राज्यपाल ने संस्था के 10वें स्थापना दिवस समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कैंसर के प्रति समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है। कैंसर पीड़ित रोगी और परिवार दोनों का मनोबल व इच्छा शक्ति बनाये रखने से बीमारी पर विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हौसला केवल शब्दों से नहीं आवश्यक दवाओं के साथ अन्य सहयोग भी जरूरी है।

श्री नाईक ने कहा कि कैंसर रोग का इलाज महंगा है। हर व्यक्ति के लिये इतना धन खर्च करना संभव नहीं होता। कुछ रोगियों को धन अभाव के कारण उचित इलाज नहीं मिल पाता, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। उन्होंने लोगों का आहवान किया कि अपनी आय का कुछ हिस्सा ऐसे सार्वजनिक एवं पुनीत कार्य हेतु देकर, सहयोग करें। उन्होंने कहा कि ऐसे दानदाता अभिनन्दन के पात्र हैं क्योंकि रोगी की सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा है।

राज्यपाल ने संस्था के उद्देश्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सार्वजनिक कार्यों के माध्यम से मनुष्य कैंसर पर हावी हो सकता है। यह प्रशंसा की बात है कि यह संस्था अपने परिश्रम के आधार पर आत्म निर्भर बनने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि बीस वर्ष पहले वे स्वयं कैंसर से पीड़ित थें जिससे जुडे कई संस्मरण भी सुनाये। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

अंजुम/ललित/राजभवन-